सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
# National Commission for Scheduled Tribes

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत एक संवैधानिक निकाय)
(A constitutional body under Article 338A of the Constitution of India)

**<u>सिटिंग नोटिस</u>**

**फा. सं. : NCST/DEV-7917/MH/860/2026-RO-BH/RU-I** **दिनांक:** 08/07/2026.

**जिला कलेक्टर,**
जिला-पुणे,
कलेक्टर कार्यालय,
ससून अस्पताल के सामने,
स्टेशन रोड, पुणे-411001, महाराष्ट्र
ई-मेल: collector.pune@maharashtra.gov.in

**आयुक्त,**
पुणे महानगर पालिका,
पुणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन,
मंगला थिएटर के पास, शिवाजीनगर,
पुणे-411 005, महाराष्ट्र
ई-मेल: navalkishorram@punecorporation.org

**विषय: राज्य सरकार की अनुमति के बिना आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासियों को हस्तांतरित किए जाने के संबंध मे श्री रवि हरी काले, गैरान बस्ती, स.न. 9 से 14 मुंढवा, केशव नगर, पुणे, महाराष्ट्र से प्राप्त दिनांक 18.05.2026 का अभ्यावेदन।**

**संदर्भ: आयोग का समसंख्यक नोटिस दिनांक 19.06.2026 (प्रति संलग्न).**

**महोदय/महोदया,**

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एन.सी.एस.टी.) ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 क के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में उक्त उल्लेखित प्रकरण का अन्वेषण/जांच करने का निश्चय किया है। श्री अंतर सिंह आर्य, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने इस प्रकरण मे अन्वेषण/जांच/की जाने वाली कार्रवाई के लिए आयोग मुख्यालय, 6वां तल, न्यायालय कक्ष-I, लोकनायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली-110003 में **<u>दिनांक 21.07.2026</u>** को सिटिंग/सुनवाई निर्धारित की है।

2. तदनुसार, आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त निर्धारित तिथि पर उक्त प्रकरण से संबंधित संपूर्ण तथ्यों एवं सभी संगत मूल अभिलेखों/दस्तावेजों के साथ **<u>व्यक्तिगत रूप से</u>** माननीय अध्यक्ष महोदय के समक्ष परीक्षण के लिए अपनी उपस्थित सुनिश्चित करें।

**3. कृपया ध्यान रखें कि यदि आप सिटिंग/सुनवाई में उपस्थित नहीं होते/होती है तो आयोग के समक्ष आपकी उपस्थिति को बाध्यकारी बनाने के लिए, आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 क के खंड (8) क के अधीन प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र है।**

पूर्णेन्दु कान्त

**(पूर्णेन्दु कान्त/Purnendu Kant)**
**निदेशक/Director**

**<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ:-</u>**

**श्री रवि हरी काले,**
गैरान बस्ती, स.न. 9 से 14 मुंढवा, केशव नगर,
पुणे-411036, महाराष्ट्र
**कृपया उपरोक्त स्थान, समय एवं तिथि पर सुनवाई हेतु आयोग में आपकी/अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।**